# चेन्नई एक्सप्रेस 2 में किसकी जोड़ी देखते हैं रोहित शेट्टी ?

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की मुख्य भूमिका वाली फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म का डायरेक्शन रोहित शेट्टी ने किया था और फिल्म में शाहरुख और दीपिका के बीच की केमिस्ट्री गजब की थी। हाल में नेहा धूपिया के चैट शो में रोहित शेट्टी पहुंचे जहां इस फिल्म के सीक्वल की भी चर्चा की गई। नेहा धूपिया ने रोहित से पूछा कि क्या वह चेन्नई एक्सप्रेस 2 बनाएंगे? और अगर बनाएंगे तो इसमें लीड रोल में कौन होगा?

रोहित ने इस सवाल का दिलचस्प जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर वह इसका दूसरा पार्ट बनाते हैं तो उसमें लीड रोल में कार्तिक आर्यन और सारा अली खान को लेंगे। वैसे कार्तिक और सारा की जोड़ी लव आज कल में पहली बार देखने को मिलेगी जिसका डायरेक्शन इम्तियाज अली ने किया है।

इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो कार्तिक इस समय कियारा आडवाणी के साथ भूल भुलैया 2 और जाह्नवी कपूर के साथ दोस्ताना 2 में काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ सारा अली खान इस समय वरुण धवन के साथ कुली नंबर 1 में काम कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने आनंद एल रॉय की फिल्म अतरंगी रे भी साइन की है जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार और धनुष मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# फरहान जैसी बॉडी चाहते हैं अनिल कपूर

कुछ दिनों पहले फरहान अख्तर अपनी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर के साथ मालदीव्स वकेशन पर थे। वहां की एक मेमरी को उन्होंने अब इंस्टाग्राम पर शेयर किया जिसे देख अनिल कपूर प्रभावित हो गए हैं। दरअसल, एक तस्वीर में फरहान पूल में ड्रिंक इंजॉय करते हुए नजर आ रहे हैं। फरहान के इस पोस्ट पर जिसने सबसे बेस्ट रिस्पॉन्स दिया, वह अनिल कपूर थे। उन्होंने कॉमेंट किया कि वह अगले जन्म में फरहान जैसी बॉडी चाहते हैं। बता दें, फरहान और अनिल ने एकसाथ 2०15 में आई फिल्म दिल धड़कने दो में काम किया था। बात करें फरहान और शिबानी की तो वह लंबे वक्त से अपने रिलेशनशिप के कारण सुर्खियों में हैं। ऐसी चर्चा है कि वे इस साल शादी के बंधन में बंध सकते हैं।

# सलमान के सोने की आदत पर जैकलिन फर्नांडिस ने किया एक खुलासा

ऐक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिस बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ 2 फिल्मों में काम कर चुकी हैं। जैकलिन और सलमान खान की जोड़ी को ऑनस्क्रीन काफी पसंद भी किया जाता है। उन्होंने अभी तक किक और रेस 3 में साथ काम किया है। सलमान के साथ इतना वक्त बिताने के बाद जैकलिन उनकी आदतों से भी वाकिफ हो चुकी हैं और हाल में उन्होंने सलमान के बारे में एक ऐसी बात बताई है जो शायद कम ही लोगों को पता होगी।

जैकलिन ने बताया, मुझे नहीं लगता कि मैं कोई खास बात जानती हूं लेकिन एक बात हैं, जबसे मैं उनके (सलमान के) साथ काम कर रही हूं तब से मैं जानती हूं कि उन्हें सोने के लिए वक्त नहीं मिलता है। वह सुबह, दोपहर और शाम हर वक्त काम करते रहते हैं। चाहे वह किसी फ्लाइट में हों या बिग बॉस के सेट पर शूटिंग के लिए जा रहे हों, वह हर वक्त काम करते रहते हैं। वैसे जैकलिन ने अपने को-स्टार सलमान खान को एक सलाह भी दी है। उन्होंने खिलखिलाते हुए सलमान को सलाह देते हुए कहा, जाइए, कृपया थोड़ा आराम कर लीजिए।

वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान इस समय अपनी आने वाली फिल्म राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म को प्रभुदेवा डायरेक्टर कर रहे हैं और इसमें उनके साथ भारत में काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी दिखाई देंगी। दूसरी तरफ जैकलिन इस समय जॉन अब्राहम और रकुलप्रीत सिंह के साथ फिल्म अटैक में काम कर रही हैं।

# ध्वनि भानुशाली ने जरूरतमंद बच्चों के साथ बिताया दिन

वास्ते से चर्चा में आईं गायिका ध्वनि भानुशाली ने बुधवार को मुंबई में कई सारे जरूरतमंद बच्चों के साथ समय बिताया। ध्वनि ने इनके साथ मिलकर अपनी हालिया गीत ना जा तू की सफलता का जश्न भी मनाया। उन्होंने कहा, मैं इस दिन को जिंदगीभर याद रखूंगी। इन बेहद प्रतिभाशाली बच्चों के साथ मिलना और इनसे बातचीत करने का अनुभव शानदार रहा। उनके प्यार से मैं अभिभूत हूं। मुझे लगता है कि अपने हालिया गीत की सफलता का जश्न मनाने का यह एक सबसे बढ़िया तरीका था। मंच पर सबके सामने उन्होंने जिस दृढ़ता से परफॉर्म किया, उसने मुझे प्रेरित किया। उनके मासूम चेहरों पर समर्पण की भावना साफतौर पर झलक रही थी। मैं अपनी प्रस्तुति में यही निष्ठा लाना चाहती हूं, ताकि मैं हर दिन अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकूं। वास्ते के बड़े पैमाने पर हिट होने के बाद ध्वनि को खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस गाने को यूट्यूब पर 7० करोड़ बार देखा गया है और यह अब भी जारी है। सलाम बॉम्बे फाउंडेशन के साथ किडजानिया द्वारा इस समारोह का आयोजन किया गया था, जो एक मनोरंजन पार्क है।

# फिर से आशिक बनाने आ रही हैं तनुश्री दत्ता




बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तनुश्री दत्ता एक बार फिर अपने इंडियन फैन्स के सामने हैं और इस बार उनके फैन्स को उनका एक अलग अंदाज़ नजर आनेवाला है। दरअसल बॉलिवुड में चबी ऐक्ट्रेस के तौर पर जानी जानेवालीं तनुश्री दत्ता इस बार काफी स्लिम ट्रिम और फिट नजर आई हैं। जी हां, तनुश्री बताया है कि उन्होंने पिछले एक साल में अपना 8 किलो वजन कम कर लिया है। वजन कम होने के बाद उनके लुक्स में काफी चेंज नजर आ रहा है और पहले की तुलना में वह काफी टोन्ड नजर आ रही हैं।

साल 2०1० में आखिरी बार फिल्म अपार्टमेंट में बड़े पर्दे पर नजर आ चुकीं तनुश्री दत्ता 26 सितम्बर 2०18 को अचानक सुर्खियों में छा गईं। वजह थी मशहूर फिल्म ऐक्टर नाना पाटेकर को लेकर उनके बयान। उन्होंने नाना पर फिल्म हॉर्न ओके प्लीज़ के दौरान सेक्शुअल हैरसमेंट का आरोप लगाया।

यह खबर आग की तरह मीडिया में फैली और इसके साथ कई और नाम घसीटे गए, जिनके बारे में कहा गया कि उस समय उन्होंने ऐक्ट्रेस की बजाय नाना का साथ दिया था। तब इसकी शिकायत इन्होंने सिने और टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन में की थी लेकिन इनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस घटना ने बॉलिवुड में मीटू अभियान की आंधी चला दी और फिर एक-एक कर कई महिलाएं सामने आईं और अपने साथ हुई ऐसी घटनाओं का खुलासा करने लगीं। एक इंट्रव्यू में तनुश्री दत्ता ने कहा था कि नाना पाटेकर ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के गुंडों को बुलाकर उनपर हमला भी किया था।

तनुश्री ने साल 2००4 में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी साल मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में तनुश्री टॉप 1० कंटेस्टेंट में से एक थी।

तनुश्री दत्ता का जन्म जमशेदपुर, झारखंड में हुआ था। फिलहाल तनुश्री दत्ता को अमेरिका की नागरिकता मिल चुकी है। इन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2००5 में चॉकलेट और आशिक बनाया आपने फिल्म से की थी। तनुश्री दत्ता ने बॉलिवुड की कई हिट फिल्मों में काम किया है इन्होंने भागम भाग, ढोल, रिस्क, स्पीड, गुड बॉय बैड बॉय, रोक और अपार्टमेंट जैसी फिल्मों में काम किया है।

# सुपरहिट फिल्म वेदलम के हिंदी रीमेक में होंगे जॉन अब्राहम



बॉलिवुड में इस समय साउथ की फिल्मों के रीमेक बनाए जा रहे हैं। पिछले साल तेलुगू फिल्म अर्जुन रेड्डी की रीमेक कबीर सिंह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। इसके बाद जर्सी, आरएक्स 1००, लक्ष्मी बम जैसी फिल्में बन रही हैं जो साउथ की सुपरहिट फिल्मों के रीमेक हैं। अब एक साउथ सुपरहिट का रीमेक बनाए जाने की तैयारी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रड्यूसर भूषण कुमार साल 2०15 में आई अजीत की सुपरहिट फिल्म वेदलम का रीमेक बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में लीड रोल में जॉन अब्राहम होंगे और इसका डायरेक्शन वरुण धवन के भाई रोहित धवन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक रोहित ने फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और जल्द ही इसका प्री-प्रॉडक्शन शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म मुंबई पर आधारित होगी और शूटिंग के लिए जल्द ही इसकी रेकी शुरू कर दी जाएगी। ऑरिजनल फिल्म में अजीत ने एक गैंगस्टर का किरदार निभाया था जो टैक्सी ड्राइवर बन जाता है। फिल्म में श्रुति हासन, लक्ष्मी मेनन, राहुल देव, कबीर दुहान सिंह और अनिकेत चौहान ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं।

# अलार्म नहीं, आइसक्रीम से जगती हैं जाह्नवी कपूर ?



बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर बॉलिवुड में अक्सर ही चर्चा में रहती हैं। कभी अपने लुक के कारण, कभी खास ड्रेसिंग स्टाइल को लेकर तो कभी फिल्मों को लेकर। इस बार फिर जाह्नवी चर्चा में है। पर, इस बार वजह अलग है। शायद जाह्नवी भी ना चाहें कि इस राज का खुलासा हो। दरअसल, हुआ यूं कि अपनी छोटी बहन खुशी कपूर से मिलने के लिए हाल ही में न्यू यॉर्क पहुंची थीं। यहां से एक विडियो उनका सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस विडियो में वह गहरी नींद में सो रही हैं। उनकी सहेलियां उन्हें जगाने के लिए एक अजीब तरकीब अपनाती हैं। यह तरकीब ही ऐसा है, जिसे सुनकर हंसी आती है।

जी हां, जाह्नवी को जगाने के लिए वे आइसक्रीम के साथ वहां पहुंचते हैं और फिर होता ये है कि नींद में सोई जाह्नवी तुरंत उठ बैठती हैं और आइसक्रीम खाना शुरू कर देती हैं। सहेलियां हंस पड़ती हैं। उनकी यह तस्वीर शेयर कर लिखा गया है, कुछ लोग नींद से उठने के लिए अलार्म का प्रयोग करते हैं, मैं आइसक्रीम...।

यह पोस्ट यूं ही मस्ती में लिखा गया है। पर, जाह्नवी के दोस्तों को तो जैसे मौका मिल गया है। इस बात को लेकर उनकी टांग खींचने का। जाह्नवी ने वहां से एक और तस्वीर शेयर की है, इसमें वह बेहद की खूबसूरत लग रही हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो जाह्नवी कपूर दोस्ताना-2 की शूटिंग कर रही हैं। इसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन हैं। इसके अलावा जाह्नवी के पास रूही आफजा, तख्त, द करगिल वार और मिस्टर लेले में भी दिखेंगी।